VARDHMAN NEWS VN NEWS पढ़मं नाणं तओ दया BEAWAR (RAJ.)

वर्द्धमान News

Digital Edition शिक्षा का उजियारा

ब्यावर, 27 अक्टूबर 2025, सोमवार Email : vardhmannewsbwr@gmail.com मूल्य : निःशुल्क

लोकल के बिना कोई ग्लोबल हो ही नहीं सकता : पद्मश्री सी पी देवल

साहित्य संगोष्ठी में ख्यातनाम साहित्यकारों से सजा वर्द्धमान सभागार



















भारतीय सांस्कृतिक निधि (इन्टैक अध्याय ब्यावर) के तत्वावधान में वर्द्धमान कन्या महाविद्यालय के सभागार मे आयोजित साहित्य संगोष्ठी शब्द सरिता की आग़ोश से Mathematics ने स्वातिनक्षत्र मोती के रूप में बौद्धिक साहित्य पर ज्ञानवर्धक चर्चा की। ब्यावर साहित्य के क्षैत्र में पहली बार आयोजित साहित्य मंच में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के ख्यातिप्राप्त राजस्थानी भाषा के साहित्यकार पद्मश्री से विभूषित सी पी देवल, प्रसिद्ध कथाकार सुमेरसिंह राजावत डिजिटल यू ट्यूबर, साहित्यकार डॉ नरेन्द्रसिंह आनन्द प्रसिद्ध ब्लॉगर, लेखक, ग़ज़लकार सुरेन्द्र चतुर्वेदी ने अपने विचार व्यक्त किए। इन्टैक कन्वीनर प्रमुख चिन्तक रामप्रसाद कुमावत सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार करते हुए कहा इंटैक का विजन मात्र हमारी प्राचीन इमारतों को संवर्धित करने का ही नहीं है इंटैक की विस्तृत कार्यशैली में हमारी संस्कृति, हमारा संगीत, इतिहास, साहित्य, जीवनशैली, रिति रिवाज को पुनर्जीवित करने का भी है इसी श्रंखला में हमारे साहित्य पर गोष्ठी आयोजन हुआ है। इस अवसर पर पद्मश्री सी पी देवल ने कहा हमारी मूल संस्कृति, रिति रिवाजों, सामाजिक परिवेशों, लोकगीतों, काव्य मे 21 राज्यों में विविधता समेटे हुए है इन सभी की एकरूपता भारतीय संस्कृति को दर्शाती है। लेकिन आज हम हमारी संस्कृति से विमुख हो रहे है हमारी संस्कृति, सभ्यता विलुप्त हो रही है। हम ग्लोबल बनने की होड़ में हमारी मूल संस्कृति को भूल रहे है लेकिन यह सच्चाई है।

लॉकल रहेंगे तभी ग्लोबल की सार्थकता है। श्री देवल ने राजस्थान की संस्कृति ओर भाषा की पूरजोर वकालत करते हुए कहा प्रदेश की संस्कृति ओर भाषा देश की संस्कृति का गर्भगृह है लेकिन बड़ा दुर्भाग्य ओर दुखद है कि राजस्थानी भाषा को ना हम संसद, विधान सभा, सुप्रीम कोर्ट इत्यादि स्थानों पर बोल सकते है, हम स्वयं हमारी मायड़ भाषा को बोलने में अपनी लज्जा समझते है। राजस्थानी भाषा की राजकीय मान्यता आवश्यक है। उन्होंने अनेक लोकगीतों की पंक्तियों का उदाहरण पेश करते हुए बताया राजस्थानी भाषा में बने पुराने लोकगीतों ओर साहित्य मे प्रेम, करुणा, विरह, व्यंग्य, रिश्तों की मिठास, अपनत्व, भाईचारा, भाव, मानवीय संवेदना, अनुभूति की गहराई है वह अन्य भाषा में दूर दूर तक दिखाई नही देती। उन्होंने नवोदित कथाकारों को राजस्थानी भाषा के साहित्य शिरोमणि विजयदान देथा का उदाहरण देते हुए बताया कथा किसी घटना पर नहीं लिखी जाती कहानी भावों ओर अनुभूति की अभिव्यक्ति ओर परिणति की सफल परिकल्पना ओर परिचायक है। इस अवसर पर गजलकार, साहित्यकार सुरेन्द्र चतुर्वेदी ने कार्यक्रम के सूत्रधार होने के नाते मंचासीन साहित्यकारों का परिचय देते हुए कहा राजस्थानी भाषा ओर साहित्य की धरोहर पद्मश्री सी पी देवल के ब्यावर मे पगलिये हुए है। श्री देवल के विराट बौद्धिक ज्ञान का लाभ नवोदित रचनाकारों को मिलेगा। श्री चतुर्वेदी ने साहित्य ओर संस्कृति को राष्ट्र की आत्मा बताते हुए कहा किसी देश का जड़मूल से पतन करना हो तो उसकी संस्कृति की पहचान खत्म कर दो देश की आत्मा स्वत: ही आत्महत्या कर लेगी। देश की अस्मिता ओर अश्शुणता की थाती हमारी संस्कृति में निहित है। कथाकार सुमेरसिंह राजावत ने कहा कहानी हमारे समाज में व्याप्त सुकार विकार का प्रतिबिंब है। कहानी से सामाजिक चेतना जागृत किया जा सकता है। इस अवसर पर प्रबुद्ध कहानीकार मोहन राजेश कुमावत एवं एम एल चतुर्वेदी के कहानी संग्रह पुस्तकों का अतिथियों ने विमोचन भी किया। श्री कुमावत एवं श्री चतुर्वेदी ने कहानी लेखन की अपनी संस्मरण यात्रा साझा करते हुए बताया कहानी भावों की अभिव्यक्ति है अनुभूति की दृष्टि है। कार्यक्रम से पूर्व इन्टैक के डॉ नरेन्द्र पारख, लॉयन उत्तम भंडारी, श्याम शर्मा, उद्योगपति बलवंत रांका, रमेश यादव, प्रोफेसर जलालुद्दीन काठात, सामाजिक नेत्री वीना नाहर, प्रो. हरीश, प्रो जे पी टेलर, प्रो दुष्यन्त त्रिपाठी, प्रो एम एल शर्मा, डिजिटल यू ट्यूबर पत्रकार ईशान कुमावत, नारायण कुमावत, नवल मंयक,नन्दकिशोर कुमावत, कल्पना भटनागर, रमा चतुर्वेदी, सुनील काठेड, गोपाल डाणी,पुष्पेन्द्र कुमावत, बबलू अग्रवाल ने अतिथियों का शाल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह भेंट किया। वर्द्धमान शिक्षण समिति के सचिव डॉ नरेन्द्र पारख ने अतिथियों को वर्द्धमान शिक्षण समिति की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। तथा आगन्तुक अतिथियों के प्रति आभार उद्बोधन दिया।

वर्द्धमान कॉलेज में ब्यावर जिले की प्रथम एनसीसी गर्ल्स बटालियन यूनिट की हुई स्थापना

एनसीसी कार्यालय का विधिवत मंत्रोच्चारण से हुआ उद्घाटन सत्र 2025-26 की भर्ती प्रक्रिया सम्पन्न







श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी महाविद्यालय में ब्यावर जिले की प्रथम एनसीसी गर्ल्स बटालियन यूनिट की स्थापना हुई जिसके कार्यालय का उद्घाटन 5 राज गर्ल्स बटालियन एनसीसी उदयपुर के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल एम.एस. रावत, श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर.सी.लोढ़ा, अकादमिक प्रभारी डॉ नीलम लोढ़ा, सूबेदार हरी गोविन्द सिंह, वरिष्ठ बालिका कैडेट प्रशिक्षक शालिनी सक्सेना ने वैदिक मंत्रोचारण भगवान श्री गणेश की स्तुति एवं नवकार मंत्र के साथ किया गया। उद्घाटन के बाद 5 राज गर्ल्स बटालियन एनसीसी उदयपुर के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल एम.एस. रावत के निर्देशन में चयन प्रक्रिया का आयोजन किया गया जिसमें इस वर्ष 17 छात्राओं को एनसीसी में चयनित किया गया। चयन प्रक्रिया में सूबेदार हरी गोविन्द सिंह, वरिष्ठ बालिका कैडेट प्रशिक्षक शालिनी सक्सेना ने भी सक्रिय योगदान दिया।

भर्ती प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी की गई। पहले चरण में शारीरिक दक्षता परीक्षा ली गई। दूसरे चरण में लिखित परीक्षा हुई। अंतिम चरण में साक्षात्कार के माध्यम से अभ्यर्थियों का मूल्यांकन किया गया।

कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल एम.एस. रावत ने छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि एनसीसी सेना का ही अभिन्न अंग है। केन्द्रीय व राज्य स्तर पर एनसीसी कैडेट्स को विभिन्न विभागों की भर्तियों में बोनस अंक अर्जित किए जा रहे है। इसके साथ ही सामाजिक गतिविधियों में हिस्सा लेकर नागरिक सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, वृक्षारोपण, रक्तदान आदि में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर.सी.लोढ़ा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि एनसीसी अनुशासन और शारीरिक दक्षता विकसित करती है। यह नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रीय सेवा की भावना को मजबूत बनाती है। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख ने चयनित छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।







वर्द्धमान रूट्स में रौशन हुई दीपोत्सव की जगमग











श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल

वर्द्धमान रूट्स में इको फ्रेंडली दिवाली सेलिब्रेशन किया गया। दीपावली को पर्यावरण मित्र के रूप में मनाया गया। इस उत्सव का उद्देश्य बच्चियों में यह संदेश फैलाना है कि त्योहार को हम पर्यावरण को नुकसान पहुँचाए बिना भी मना सकते हैं। सभी ने इस बार दीवाली को एक नए अंदाज़ में मनाया।

उन्होंने लोगों को बताया कि पटाखे जलाने से केवल प्रदूषण ही नहीं बढ़ता, बल्कि हमारे बड़ों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता है।

सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर पटाखों को कहो ना, प्रकृति को हाँ का संदेश दिया। शिक्षकों ने अपनी रचनात्मकता दिखाते हुए पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रदूषण मुक्त दीवाली का संदेश दिया। सभी से अपील की कि इस बार दीवाली को ग्रीन दीवाली के रूप में मनाएँ। शिक्षकों ने दिवाली का अर्थ भी समझाते हुए कहा कि श्री राम भगवान का माता सीता के साथ अयोध्या लौटने की खुशी में दिवाली मनाई जाती है। स्कूल की प्राचार्या श्रीमती श्वेता नाहर ने शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और सभी को सरल, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल दीवाली मनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को त्योहारों का असली अर्थ समझाते हैं- खुशियाँ बाँटना, रोशनी फैलाना और प्रकृति की रक्षा करना।

सभी छात्राओं द्वारा यह संकल्प लेकर किया गया कि वे हर साल स्वच्छ और हरित दीवाली मनाएँगे।

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख ने इस अवसर पर दीपावली की शुभकामना प्रेषित करते हुए समस्त बच्चों एवं अभिभावकों को यह दीपावली ईको फ्रेंडली एवं सुरक्षित तरीके से मनाने का आह्वान किया।

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति को मिला अंतर्राष्ट्रीय मानक दर्जा







वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या महाविद्यालय, श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ, भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, श्री वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल, श्री वर्द्धमान फैशन डिजाइनिंग इंस्टीट्यूट को संचालित करने वाली प्रदेश की विख्यात शैक्षणिक संस्थान श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर को इंटरनेशनल एक्रीडेशन ऑर्गेनाइजेशन द्वारा गहन जांच पड़ताल, दीर्घ परीक्षण व अंतरराष्ट्रीय ऑडिट हेतु नियुक्त निरीक्षण टीम द्वारा लंबे सर्वे के बाद सर्वोच्च अंतरराष्ट्रीय प्रत्यायन संगठन आईएओ द्वारा मान्यता प्रदान की गई। निजी शिक्षा संस्थानों में शैक्षणिक स्तर के गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरने तथा पारंपरिक पब्लिक कैंपस आधारित उपर्युक्त मानकों को बनाए रखने वाले अंतर्राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान सूची में शामिल होने पर शिक्षण समिति, महाविद्यालय और विद्यालय के विद्यार्थियों, अभिभावकों, सदस्यों ने हर्ष प्रकट किया।

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के अध्यक्ष सुनील खेतपालिया ने बताया कि यह अंतरराष्ट्रीय प्रमाणन शैक्षणिक विकास की दृष्टि में मील का पत्थर सिद्ध होगा। जिससे तकनीकी शिक्षण तथा अन्य माध्यमों से शैक्षिक नवाचार को और उत्कृष्टता के साथ बढ़ावा मिलेगा। वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त संस्थाओं के साथ सहभागिता से वर्द्धमान की इकाइयों को अग्रणी शैक्षणिक संस्थाओं के रूप में विकसित किया जाएगा। जिससे शिक्षा के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय मानक सुनिश्चित हो सकेंगे। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख ने बताया कि वर्द्धमान शिक्षण समिति अपनी संस्थागत विरासत को वैश्विक स्तर के उभरते हुए उत्कृष्ट शैक्षणिक केंद्रों के साथ साझा करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। क्षेत्र के युवाओं को विश्व स्तरीय शिक्षा प्राप्त होने के साथ शैक्षिक सेवाओं को भी सशक्त स्वरूप प्रदान करेगा। आई ए ओ से प्रमाणित होना एक परिवर्तनकारी कदम है। यह पहले शिक्षा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी साथ ही शैक्षिक अनुसंधान, शिक्षा में टिकाऊ प्रगति को भी बढ़ावा देगी। प्रासंगिक शिक्षण के लिए पाठ्यक्रम डिजाइन, संकाय प्रशिक्षण विनिमय कार्यक्रम और मेंटरशिप के संयुक्त प्रयास भी किए जाएंगे। इससे शैक्षणिक क्षमताओं का संवर्धन होगा साथ ही संगठनात्मक ढांचे से मानव संसाधनो को आंतरिक गुणवत्ता में सहायता मिल सकेगी।अंतर्राष्ट्रीय सहभागिता के क्रियान्वयन से शैक्षणिक क्षेत्र को उत्कृष्टता भी प्राप्त होगी। शिक्षा के क्षेत्र में सिरमौर श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति को समिति को अंतरराष्ट्रीय मान्यता आईएओ मिलने पर श्री वर्द्धमान कन्या पीजी महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर सी लोढ़ा, भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार शर्मा, श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ नाज़ की प्राचार्या डॉ निवेदिता पाठक, वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल प्रिंसिपल श्वेता नाहर, वर्द्धमान स्किल डेवलपमेंट सेंटर इंचार्ज हरजीत कौर, वर्द्धमान फैशन डिजाइनिंग एंड मेकअप आर्टिस्ट प्रभारी छवि गरवाल, वर्द्धमान जनसंपर्क अधिकारी बबलू अग्रवाल, समिति कार्यालय प्रभारी नेहा जैन, खुशबू भाटी, अजय जैन, ईशान सांखला, राहुल मौर्य ने समिति के कुशल प्रबंधन के लिए समस्त पदाधिकारियों एवं प्रबंधकारिणी सदस्यों को बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

सूचना के अधिकार के लिए वर्द्धमान कॉलेज की छात्राओं को किया जागरूक











श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में आईक्यूएसी के तत्वावधान में सूचना का अधिकार (आरटीआई) पर एक जन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सूचना के अधिकार के संस्थापक सोशल एक्टिविस्ट निखिल डे, डाक्यूमेंट्री डायरेक्टर विनीत पंछी, सूचना के अधिकार के संस्थापक सदस्य शंकर मामा, बैंगलोर आरटीआई एक्टिविस्ट रक्षिता, मेघालय आरटीआई एक्टिविस्ट एंजेला, असम आरटीआई एक्टिविस्ट शुभम ने शिरकत की।

संगोष्ठी में श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर.सी.लोढ़ा एवं आईक्यूएसी समन्वयक डॉ नीलम लोढ़ा द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं बुके भेट कर स्वागत किया।

सूचना के अधिकार के संस्थापक सोशल एक्टिविस्ट निखिल डे ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि सूचना का अधिकार को लागू करवाने हेतु हमारे द्वारा सबसे पहले ब्यावर में चांग गेट पर 44 दिन तक धरना देकर आरटीआई कानून की मांग की गई। जिसके बाद सन 2000 में राजस्थान तथा 2005 में यह केंद्रीय कानून बना।आरटीआई लोकतंत्र की असली ताकत है, जो जनता को सरकार से जवाब मांगने का साहस देता है। हर नागरिक को इसकी जानकारी होनी चाहिए ताकि वे अपने अधिकारों का उपयोग कर सकें और सरकारी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता ला सकें।

डाक्यूमेंट्री डायरेक्टर विनीत पंछी ने बताया कि आरटीआई उन लोगों के लिए वरदान है जिन्हें कहीं और न्याय नहीं मिल पाता। उन्होंने बताया कि यह कानून नागरिकों को जानकारी तक पहुंच प्रदान करने और सरकारी जवाबदेही सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर.सी. लोढ़ा ने कहा कि आरटीआई से शासन और प्रशासन की कार्यप्रणाली अधिक पारदर्शी हुई है, जिससे जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम का संचालन बीसीए विभागाध्यक्ष नवीन देवड़ा ने किया। संगोष्ठी के दौरान छात्राओं और संकाय सदस्यों ने सूचना के अधिकार से जुड़े कई प्रश्न पूछे, जिनका सूचना के अधिकार के संस्थापक सोशल एक्टिविस्ट निखिल डे ने विस्तार से उत्तर दिया। कार्यक्रम के अंत में आईक्यूएसी समन्वयक डॉ नीलम लोढ़ा ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

'नाज' में दीपोत्सव पर सजे कलात्मक दीपक एवं रंगोली















श्री वर्द्धमान समिति द्वारा संचालित श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ (नाज़) में दिवाली के अवसर पर प्री प्राइमरी स्कूल में दीया डेकोरेशन, थाली डेकोरेशन और रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों और माताओं का आपसी ताल मेल देखने को मिला।



प्रधानाचार्या डॉ निवेदिता पाठक ने आयोजनों का उद्देश्य माँ और बच्चे के बीच सामंजस्य और विचारों के रचनात्मक आदान प्रदान को बढ़ावा देना बताया।

निर्णायक मंडल में वर्द्धमान कॉलेज से छवि गरवाल और हर्षा चौहान ने एक पारखी की भूमिका निभाई और सामूहिक रूप से परिणाम घोषित किया। जिसमें दीया डेकोरेशन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शौर्य-कुसुम जी, द्वितीय स्थान लव्या-सीमा जी ने प्राप्त किया।

थाली डेकोरेशन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तनिष मूलचंदानी-मीना जी,द्वितीय स्थान लव्या-आरती जी, और तृतीय स्थान विहान-हर्शिमा कौर ने प्राप्त किया।

रंगोली मेंकिग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गौराक्ष-टीना शर्मा, द्वितीय स्थान नित्यांश-मधु जी, तृतीय स्थान अश्विनी-रेणु जी ने प्राप्त किया।

इस अवसर पर वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख, शैक्षणिक निदेशक डॉ आर सी लोढ़ा, प्राचार्या डॉ निवेदिता पाठक, उपप्राचार्य श्री नागेश राठौड़ ने बच्चों की मेहनत और प्रतिभा की सराहना की और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।







रंगोली से झलका दीपोत्सव का उल्लास

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ में दीपावली से पूर्व दीपोत्सव पर्व बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इसमें बच्चों ने आकर्षक रंगोली सजाकर दीपावली की शुभकामनाएं दी।



दिवाली किंग शतरंज प्रतियोगिता संपन्न





श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा प्रायोजित दिवाली किंग्स चैलेंज ओपन शतरंज प्रतियोगिता का सफल आयोजन भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्यावर द्वारा वर्द्धमान कॉलेज परिसर में किया गया।

प्रतियोगिता में कुल 70 खिलाड़ियों ने भाग लिया। टूर्नामेंट दो वर्गों-अंडर-14 एवं ओपन कैटेगरी-में खेला गया, जिसमें खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया और रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों एवं युवाओं में मानसिक एकाग्रता, सोचने की क्षमता और निर्णय लेने की शक्ति को बढ़ावा देना रहा। विजेता खिलाड़ियों को कुल 6500 नकद पुरस्कार, आकर्षक ट्रॉफियाँ और मेडल प्रदान किए गए।

विजेता परिणाम इस प्रकार रहा...

-14 वर्ष आयु वर्ग कैटेगरी में प्रथम स्थान: हर्षित चंदेलिया, द्वितीय स्थान: मधुपार्क राकावत, तृतीय स्थान: परिधि मूंदड़ा

ओपन कैटेगरी में प्रथम स्थान: हिमांशु मूंदड़ा, द्वितीय स्थान: योगेश कमल, तृतीय स्थान: दिव्यांशु सिंगारिया ने प्राप्त किया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन गोठी स्कूल के प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर समीर सर, गौतम सर, विवेक सर एवं गौतम चौहान सर उपस्थित रहे।

मुख्य निर्णायक कमल सैनी ने बताया कि ऐसे आयोजन ब्यावर शहर में शतरंज के प्रति बढ़ती रुचि के प्रतीक हैं और यह प्रतियोगिताएँ बच्चों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने के लिए प्रेरित करते हैं।

वर्द्धमान परिवार द्वारा महालक्ष्मी पूजन

गोठी स्कूल में दीपोत्सव पर उतरा देवलोक, सजाई रंगोली, सजे दीप, उतारी आरती...

























श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित भँवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी विद्यालय में दीपोत्सव पर्व मनाया गया। दीपावली अवकाश से पूर्व मानो साक्षात देवलोक विद्यालय परिसर में उतर आया। महालक्ष्मी जी, श्री गणपति जी, श्री सरस्वती जी, श्री राम, जानकी, लक्ष्मण, हनुमानजी एवं श्री कृष्ण राधा की जीवंत झाकियों का चित्रण किया गया। साथ ही विद्यालय के बच्चों ने आकर्षक दीपक बनाए इनके लिए दीपक मेकिंग एवं रंगोली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

इस अवसर समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने विद्यार्थियों के कलात्मक व सृजनात्मक कौशल की सराहना करते हुए कहा कि इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों में कला व संस्कृति के प्रति जागरुकता को बढ़ावा देना व उनकी रचनात्मक क्षमताओं को प्रोत्साहित करना है। समिति मंत्री डॉ. पारख ने समस्त विद्यार्थियों एव अभिभावकों को दीपावली पर्व की अग्रिम शुभकामनाएँ प्रेषित की। दीया मेकिंग (डेकोरशन) प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक और कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए रंग-बिरंगे मोती, गोटा, बिंदी, चमकीले फीते इत्यादि सामग्री का उपयोग करते हुए दीयों की खूबसूरत सजावट की।

रंगोली प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने रंग बिरंगे अबीर, गुलाल के साथ कलात्मक भाव को दिखाते हुए रंगोली के विभिन्न रुपों को प्रदर्शित किया। प्राकृतिक और चटकीले रंगो का उपयोग कर विद्यार्थियों ने खूबसूरत रंगोली बनाई।

दीया मेकिंग (डेकोरशन) प्रतियोगिता के अंतर्गत विद्यार्थियों को कक्षावार तीन ग्रुप में विभाजित किया गया जिसमें प्रथम ग्रुप (कक्षा 1 से 3) में छात्र हुनर कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर शुभी फुलवारी एवं लवीश जैन, तृतीय स्थान पर राधिका मल्कानी रहीं। इसी प्रकार द्वितीय ग्रुप (कक्षा 4 व 5) में हितांशी जैन प्रथम रहीं। हनिष्का भाटी व रोनित साँखला ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और हितांश बंसल व सिद्धी बोहरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में तृतीय ग्रुप (कक्षा 6 से 8) में हर्षिता राठौड़ व मिष्ठी जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर रक्षी व हिताक्षी वाघेला तथा तृतीय स्थान इशिका जैन व सिद्धी लोढ़ा ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में निणार्यक की भूमिका का निर्वहन श्रीमती प्रतीक्षा डोसी एव श्रीमती नीरज शर्मा रही। इस अवसर पर बच्चों ने राम-सीता, लक्ष्मण व हनुमान जी की वेशभूषा में मनमोहक प्रस्तुति दी। विद्यालय की अध्यापिका दिव्या अग्रवाल ने अपनी सुमधुर वाणी में 'जय रघुनन्दन, जय सियाराम' भजन गा कर तथा साथ ही विद्यालय की समस्त षिक्षिकाओं ने 'श्री राम स्तुति' 'श्री रामचन्द्र कृपालु भजमन' की प्रस्तुति देकर विद्यालय प्रांगण को भक्तिमय बना दिया।

विद्यालय प्राचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि दीपावली प्रकाश का पर्व है। यह हमें अपने मन के भीतर की बुराई रुपी अंधकार को मिटाने का संदेश देता है। उपप्राचार्या सुनीता चौधरी ने बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएँ देते हुए बच्चों से प्रदूषण रहित दीपावली मनाने व सुरक्षित रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में विद्यालय की रेणू कोठारी, मेरी डेनियल,निशा पाराषर, लविना टाँक, अंजलि जाँगिड़, आदि शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा। समस्त अध्यापक-अध्यापिकाओं ने सभी विद्यार्थियों को दीपावली की शुभकामनाएँ देतें हुए उनका उत्साहवर्धन किया।



















महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महासचिव का वर्द्धमान परिवार ने किया बहुमान

महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर अनिल जैन दिल्ली, महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के अंतर्राष्ट्रीय महासचिव श्री सोहनलाल वैद्य बालाघाट छत्तीसगढ़ का ब्यावर के वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज परिसर में आगमन पर श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख एवं प्रबंधकारिणी सदस्य दीपचंद कोठारी, सम्पत राज छल्लाणी, चंदू लाल कोठारी, उत्तम चंद देरासरिया, रमेश चन्द मेडतवाल, पदम बिनायकिया, रतन प्रकाश कोठारी, धनपत राज श्री श्रीमाल ने माला, एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर बहुमान किया।

आगंतुक अतिथियों ने समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज कैंपस एवं खेतपालिया स्किल डेवलपमेंट सेंटर बिल्डिंग को देखकर मुक्तकंठ से प्रशंसा की।





कलम की जगह अब कैमरा लिखता है कहानियां







कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यात्रा सम्बंधी यू-ट्यूबर एवं हिन्दी के पूर्व विभागाध्यक्ष (कॉलेज) डॉ. नरेन्द्रसिंह आनन्द ने कहाकि अब कहानियां कलम से कागज पर नहीं लिखी जाती बल्कि डिजीटल युग आने से कम्प्यूटर, मोबाइल व कैमरे से खींची जा रही है। उन्होंने भानगढ़ के किले, दिल्ली के खूनी दरवाजे तथा ब्यावर के मेमसाहब की हवेली और ब्यावर के संस्थापक कर्नल डिक्सन की छतरी व मजार का उल्लेख करते हुए कहानियों पर चर्चा की। उन्होंने कहाकि हमारे चारों तरफ कहानियाँ बिखरी पड़ी है, हमारी नज़र उन्हें कैसे देखती है और चित्रित करती है, यह लेखक की प्रतिमा, पकड़ व प्रस्तुति पर निर्भर है।


दीपोत्सव पर समिति ऑफिस में हुआ महालक्ष्मी पूजन एवं आरती...


















श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के कार्यालय में दीपोत्सव पर्व के अवसर पर विधिविधान से श्री महालक्ष्मी जी का पूजन एवं आरती की गई। समिति के मंत्री एवं प्रबंधकारिणी सदस्य दीपचंद कोठारी ने महालक्ष्मी जी , मां सरस्वती एवं गणेशजी की तस्वीर पर विधिविधान से पूजा,अर्चना की एवं मांगलिक आरती उतारी। इस अवसर पर जन संपर्क अधिकारी बबलू अग्रवाल, समिति कार्यालय प्रभारी नेहा जैन, खुशबू भाटी, ईशान सांखला, अजय चौधरी, राहुल मौर्य, सुरेन्द्र सिंह, सिकंदर, राहुल, गौरी, भीमसिंह, मुन्ना, पारस जी सोलंकी आदि ने भी पूजन एवं आरती में भाग लिया। दीपावली के साथ भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण दिवस पर विशेष रूप से नवकार मंत्र का जाप भी किया गया।

वर्द्धमान कॉलेज परिवार द्वारा महालक्ष्मी पूजन

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पीजी महाविद्यालय में दीपोत्सव पर्व के अवसर पर संकाय सदस्य पं.पंकज शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ महालक्ष्मी जी का पूजन एवं आरती की गई। इस अवसर पर समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख, कॉलेज प्राचार्य डॉ आर सी लोढ़ा, अकादमिक प्रभारी नीलम लोढ़ा ने समस्त महाविद्यालय के संकाय सदस्य एवं कार्यालय कर्मियों को दीपोत्सव पर्व की बधाई देते हुए मुंह मीठा कराया। कार्यक्रम में उपस्थित सबने महालक्ष्मी जी की मांगलिक आरती उतारी।



|| शुभ लाभ ||
happy Diwali
श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति (रजि.)
अहिंसा
पदमं नाणं तओ दया
ब्यावर (राज.)
श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति
(रजि.)
(An I.S.O. 9001 : 2015 Certified) | (An I.S.O. 14001 : 2015 Certified)
(An I.S.O. 21001 : 2018 Certified) | (An I.S.O. 45001 : 2018 Certified)
shreevardhmanshikshansamiti@gmail.com www.vardhmanshikshansamiti.com
BEAWAR Top Ranked Education Group
Call : 01462-251291, 9413041326
OUTSIDE NEHRU GATE, NEAR KRISHNA COLONY, BEAWAR (RAJ.)

